नैक द्वारा 'बी' ग्रेड प्रत्यायित

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

मो. : 7897475917, 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक : ..................

दिनांक :30.08.2018

**प्रकाशनार्थ**

न बैण्डबाजा, न तो हुड़दंग, न ही व्यवस्था को चुनौती देने वाली अराजक भीड़ का जमावड़ा , जबकि 1701 विद्यार्थी आया, पंक्ति में खड़ा हुआ और वोट डालकर चला गया। मुख्य द्वार पर मात्र प्रत्याशियों और उनके कुछ परिचय–पत्र लिये समर्थक छात्रों तथा मतदान केन्द्रों पर उनके प्रतिनिधियों की शान्तिपूर्ण उपस्थिति में 74.93 प्रतिशत मतदान सम्पन्न हुआ। मतगणना हुई, विजयी प्रत्याशियों की घोषणा हुई, विजयी प्रत्याशियों ने पराजित प्रत्याशियों को गले लगाया और पराजित प्रत्याशियों ने विजयी प्रत्याशियों को फूल–मालाएं पहनाकर बधाई दी। यह कहानी नहीं **महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आज सम्पन्न छात्रसंघ चुनाव का वास्तविक दृश्य है।** प्राचार्य डॉ. प्रदीप राव कहते हैं कि छात्रसंघ शिक्षण संस्था का महत्वपूर्ण घटक है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में छात्रसंघ राजनीति की प्रथम पाठशाला है। शिक्षण संस्थाओं में अराजकता के पीछे विद्यार्थी नहीं व्यवस्था दोषी है। संस्था प्रमुखों का भ्रष्ट होना, संस्था के संचालन के पीछे कोई उद्देश्य अथवा मिशन का न होना इसका प्रमुख कारण है।

महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आज सम्पन्न छात्रसंघ चुनाव में **अध्यक्ष** पद पर एम.ए. अन्तिम वर्ष के छात्र **श्री मंयक तिवारी** 210 मतो से विजयी हुए। श्री मंयक तिवारी को कुल 941 मत मिले, निकटतम प्रतिद्वन्दी बी.ए तृतीय वर्ष के **श्री विवेक विश्वकर्मा** को 731 मत प्राप्त हुए । अध्यक्ष पद पर 29 मत अवैध घोषित किये गये। **उपाध्यक्ष** पद पर बी.ए. द्वितीय वर्ष के **श्री विशाल कुमार दूबे** 65 मतो से विजयी घोषित किये गये। **श्री विशाल कुमार दूबे** को कुल 853 मत प्राप्त हुए। इनके निकटतम प्रतिद्वन्दी बी.काम. द्वितीय वर्ष के **श्री सुशील चन्द्र ओझा** को कुल 788 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर कुल 60 मत अवैध घोषित किये गये। **पुस्तकालय मंत्री** पद पर बी.ए. भाग दो के **श्री अंकित कुमार पाण्डेय** 953 मत पाकर 231 मतों से विजयी घोषित किये गये। पुस्तकालय मंत्री पद पर 26 मत अवैध घोषित किये गये। बी.एस–सी प्रथम वर्ष के श्री निलेश नन्द को 722 मत प्राप्त हुए। **महामंत्री पद** पर बी.एस–सी तृतीय वर्ष के **श्री दिव्यांशु रंजन** को विजयी घोषित किया गया उन्होंने कुल 453 मत प्राप्त किये जबकि श्री सुनील कुमार सिंह 449 मत प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 8.30 बजे से मतदान प्रारम्भ हो गया। मतदान के लिए बने तीन मतदान केन्द्रों पर लम्बी–लम्बी कतारों में विद्यार्थी खड़े हो गये। एक बजे तक मतदान पूर्ण हुआ। दो बजे से मतगणना प्रारम्भ हुई और चार बजते–बजते चुनाव अधिकारी डॉ. नन्दन शर्मा ने विजयी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। अन्त में चुनाव अधिकारी ने विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण–पत्र दिया तथा उन्हें हार्दिक बधाई दी। प्राचार्य डॉ. प्रदीप राव सहित सभी शिक्षकों ने विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई दी।

(क्रमशः.......2)

नैक द्वारा 'बी' ग्रेड प्रत्यायित
# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## जंगल धूसड़- गोरखपुर
मो. : 7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................  दिनांक :30.08.2018

# छात्र संघ चुनाव –2018–19
# मत विवरण

**अध्यक्ष पद हेतु–**

| | |
|---|---|
| 1. श्री मंयक तिवारी | 941 |
| 2. श्री विवेक कुमार विश्वकर्मा | 731 |
| अवैध | 29 |

**उपाध्यक्ष पद हेतु–**

| | |
|---|---|
| 1. श्री विशाल कुमार दूबे | 853 |
| 2. श्री सुशील चन्द्र ओझा | 788 |
| अवैध | 60 |

**महामंत्री पद हेतु–**

| | |
|---|---|
| 1. श्री दिव्यांशु रंजन | 748 |
| 2. श्री सुनील कुमार सिंह | 449 |
| अवैध | 51 |

**पुस्तकालय मंत्री पद हेतु–**

| | |
|---|---|
| 1. श्री अंकित कुमार पाण्डेय | 953 |
| 2. श्री निलेश नन्द | 722 |
| अवैध | 26 |

**नन्दन शर्मा**
चुनाव अधिकारी